लाल या हरे सेब?

टीना को चित्र बनाना
बहुत अच्छा लगता हैं।
और उनमें रंग भरना भी।
“माँ, दुनियाँ में कितने
सारे रंग है ना!” टीना ने
अपनी माँ से कहा।

“हाँ, लेकिन सूरज तो पीला
होता हैं टीना।” माँ ने बोला।
“यह उगता सूरज हैं!”, टीना
हँसकर बोली।

“पत्ते का रंग भी
हरा नहीं किया?”
माँ ने फिर पूछा।

“हाँ, पर सूखे पत्ते
ऐसी ही तो दिखते
हैं,” टीना मुस्कुराई।

“अच्छा, आसमान तो नीला
बनाना चाहिए था।” माँ ने कहा।

“क्यों? जब आसमान में बादल घिरते हैं तब
वह नीला तो नहीं होता।” टीना ने कहा।

“मुझे पता है अब आप क्या
बोलेंगी माँ, कि सेब तो...”



"...सिर्फ़ लाल नहीं होते!"
माँ मुस्कुराते हुए बोली।

SCERT
स्वाध्यायान्मा प्रमदः

समग्र शिक्षा
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

Room to Read